卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 224 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦21 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

# उत्तराखण्ड में आसमान से बरस रही आग

## देहरादून, हरिद्वार और उधम सिंह नगर में 41 डिग्री पार पारा, प्रशासन अलर्ट




एआई निर्मित

देहरादून। उत्तराखंड इन दिनों मौसम के दोहरे प्रहार से जूझ रहा है। राज्य के मैदानी जिले भीषण गर्मी और हीट वेव की चपेट में हैं। मौसम विज्ञान विभाग ने देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, उधम सिंह नगर और नैनीताल जिलों के लिए हीट वेव का रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हालात ऐसे हैं कि मैदानों में सुबह से ही सूरज आग उगलना शुरू कर दे रहा है और दोपहर होते-होते सड़कें सुनसान नजर आने लगती हैं। उत्तराखंड में तेज लू से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल के निर्देश पर विभाग ने सभी जिलों को तेज लू से निपटने के लिए दिशानिर्देश जारी कर दिये है। अस्पतालों में लू के कारण बीमार मरीजों के इलाज के लिए अलग कक्ष, दवाईयों की उपलब्धता व प्रतिदिन रिपोर्टिंग अनिवार्य की गई। मौसम विभाग के अनुसार उधम सिंह नगर और हरिद्वार में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है, जबकि देहरादून में पारा 40 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। पौड़ी और नैनीताल जैसे इलाकों में भी सामान्य से अधिक गर्मी महसूस की जा रही है। गर्म हवाओं और उमस ने लोगों का जनजीवन प्रभावित कर दिया है। बाजारों में दोपहर के समय सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए कई जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। प्रशासन ने प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के स्कूलों को सुबह 7 बजे से 11:30 बजे तक संचालित करने के निर्देश दिए हैं। बच्चों को लू और डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को भी सतर्क रहने को कहा गया है। जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रखा गया है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 48 घंटों तक मैदानी इलाकों को गर्मी से राहत मिलने की ( **शेष पेज सात पर** )

## जंगल की आग से महिला और फायर वाचर की मौत

चमोली। जंगल की आग की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। विकास खंड कीर्तिनगर जिला टिहरी गढ़वाल के ग्राम पंचायत पैंडुला की अंजू देवी (50 वर्ष) की जंगल की आग की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। पूर्व प्रधान सुनय कुकसाल ने बताया कि महिला घर से करीब 150 मीटर दूर जंगल की तरफ से घर की ओर आ रही आग को बुझाने गई थी। आग बुझाते समय वह बुरी तरह झुलस गई और मौके पर ही दम तोड़ दिया। इसकी भनक तब लगी जब वह देर रात तक घर नहीं लौटी। वहीं बुधवार रात को बेड़ूबगढ़ बिरही में बदरीनाथ हाईवे के समीप चीड़ के जंगल में लगी आग को बुझाने गया फायर वाचर पाखी जलगवाड़ गांव निवासी राजेंद्र सिंह नेगी (42) पुत्र नंदन सिंह नेगी आग से झुलस कर करीब 70 मीटर नीचे खाई में जा गिरा। ढूंढ खोज के दौरान बृहस्पतिवार को सुबह खाई में उसकी बॉडी पड़ी मिली। बदरीनाथ वन प्रभाग के डीएफओ सर्वेश दुबे ने बताया कि बीते बुधवार को अपराह्न दो बजे चीड़ के जंगल में चट्टानी भाग पर आग भड़क गई। विभागीय अधिकारियों ने चमोली रेंज के फायर वाचरों को ( **शेष पेज सात पर** )



## कई स्कूल उड़ा रहे आदेश की धज्जियां

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उधम सिंह नगर जनपद में भीषण गर्मी और हीट वेव को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा स्कूलों के संचालन समय में बदलाव के स्पष्ट आदेश जारी किए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद जिले के अधिकांश निजी एवं कुछ अन्य विद्यालय प्रशासनिक आदेशों को ठेंगा दिखाते नजर आ रहे हैं। तय समय के बाद भी स्कूल खुले रहने से बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जिलाधिकारी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष नितिन सिंह भदौरिया द्वारा जारी आदेश में भारत मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून की 18 मई 2026 की चेतावनी का हवाला देते हुए कहा गया है कि उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी एवं हीट वेव चलने की संभावना है। लगातार बढ़ते तापमान के चलते डिहाइड्रेशन समेत कई स्वास्थ्य संबंधी खतरे उत्पन्न हो सकते हैं, जिसका सबसे अधिक असर छोटे बच्चों, छात्र- छात्राओं, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं पर पड़ सकता है। इसी को देखते हुए प्रशासन ने ( **शेष पेज सात पर** )



# डीएम के आदेश को ठेंगा दिखा गदरपुर में हो रहा बड़ा खेला!

**बिना बजट करोड़ों के टेंडर जारी, चहेते ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के आरोप**
**सफाई व्यवस्था के हुये ठेके में पहले ही लग चुके हैं गंभीर आरोप**

उधमसिंहनगर । गदरपुर नगर पालिका इन दिनों भ्रष्टाचार और विवादों को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कुमार गुंबर उर्फ मिंटू पर विकास कार्यों और सफाई व्यवस्था से जुड़े टेंडरों में बड़े खेल का आरोप लग रहा है। आरोप है कि जिला प्रशासन के स्पष्ट आदेशों के बावजूद बिना बजट करोड़ों रुपये के टेंडर जारी कर दिए गए और पूरी प्रक्रिया में नियमों को ताक पर रखा गया। जानकारी के अनुसार जिला अधिकारी उधम सिंह नगर के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में स्पष्ट आदेश जारी किए गए थे कि बिना बजट किसी भी प्रकार के टेंडर जारी न किए जाएं तथा बजट उपलब्ध होने के बाद ही निविदा प्रक्रिया शुरू की जाए। इसके बावजूद गदरपुर नगर पालिका में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के टेंडर निकाल दिए गए, जिससे कई सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों का कहना है कि नगर पालिका प्रशासन ने जल्दबाजी में टेंडर निकाल कर अपने करीबी लोगों को लाभ पहुंचाने की कोशिश की है। आरोप यह भी है कि जिन विकास कार्यों के लिए अभी वित्तीय स्वीकृति और पर्याप्त बजट तक उपलब्ध नहीं है, उन कार्यों की निविदाएं पहले ही जारी कर दी गईं। यही नही पालिका अध्यक्ष पर आरोप है कि नगर पालिका में नये ठेकेदारों के पंजीकरण की सूचना का भी गोपनीय तरीके से प्रकाशन कराया गया ताकि उनके चहेतो के अतिरिक्त अन्य कोई नया ठेकेदार अपना पंजीकरण न करा सके। बताया जा रहा है कि कई ठेकेदारों ने समय रहते पूर्व में आवेदन किए गये थे, लेकिन उनके आवेदनों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया और बिना किसी सूचना या आपत्ति के उनका पंजीकरण निरस्त कर दिया गया। इससे पूरे मामले में पक्षपात और मिलीभगत की आशंका और गहरा गई है। हाल ही में कुछ दिन पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी ने पत्रकार वार्ता कर नगर पालिका अध्यक्ष और प्रशासन पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। भुसरी का कहना है कि यदि जिला प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि बिना फंड टेंडर जारी नहीं होंगे, तो आखिर किस आधार पर करोड़ों के टेंडर निकाल दिए गए। उन्होंने कहा कि पालिका को पहले यह स्पष्ट करना चाहिए कि वर्तमान में नगर पालिका पर कितना भुगतान बकाया है और भविष्य में कितना बजट आने वाला है। बिना वित्तीय स्थिति स्पष्ट किए टेंडर निकालना सीधे तौर पर वित्तीय अनियमितता को दर्शाता है। भुसरी ने आरोप लगाया कि नगर पालिका में पारदर्शिता पूरी तरह खत्म हो चुकी है और विकास कार्यों के नाम पर मनमानी की जा रही है। उन्होंने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

## रिश्तेदार ने टेंडर डलने से पहले ही वितरित कर दिया काम!

गदरपुर। गदरपुर नगर पालिका में टेंडर प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही कामों का बंटवारा कर दिया गया था। चर्चा है कि नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कुमार मिंटू के एक करीबी रिश्तेदार ने अपने पसंदीदा ठेकेदारों को बुलाकर पहले ही अलग-अलग कार्य तय कर दिए थे। बताया जा रहा है कि किन क्षेत्रों में कौन-सा ठेकेदार काम करेगा, इसकी अनौपचारिक रूपरेखा पहले ही तैयार कर ली गई थी। आज-कल में टेंडर खुलने के बाद वही ठेकेदार अपने-अपने कार्य शुरू करने की तैयारी में हैं। पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है और लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब काम पहले ही तय हो चुका था तो टेंडर प्रक्रिया की क्या आवश्यकता थी। बहरहाल पालिका अध्यक्ष को लेकर क्षेत्र में चर्चाए जोरों पर है।

## राजीव गांधी को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी के योगदान को याद करते हुए उन्हें आधुनिक भारत का दूरदर्शी नेता बताया। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को सूचना क्रांति, पंचायती राज व्यवस्था और युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ाने की नई दिशा दी। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि राजीव गांधी ने अपने कार्यकाल में ( **शेष पेज सात पर** )



## घर में घुसकर परिजनों पर किया जानलेवा हमला

रुद्रपुर (उद संवाददाता) ट्रांजिट कैंप के फुलसूंगा क्षेत्र में बच्चों के खेलने के दौरान कुछ लोगों ने एक घर। में घुसकर परिजनों पर धारदार हथियारों व लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया गया। जिससे कुछ परिजन गंभीर रूप से घायल हो गये। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। सोनू शर्मा पुत्र राम चन्द्र शर्मा निवासी केशरी बिहार कालोनी फुलसुंगा ने पुलिस को बताया कि 20 मई में उसके बच्चे गली में खेल रहे थे कि पड़ोसी दंपत्ति बच्चो को डाटने लगे। जिस पर उनको समझाने का प्रयास किया तो वह गाली गलोच व मारने पीट की धमकी देने लगो। कुछ देर बाद कई लोगों ने धारदार हथियार व डंडे से उसके पिता व माता पर हमला कर दिया। परिजनों ने उन्हें बचाने की कोशिश करने के साथ112 पर पुलिस को सूचना दी गई। सोनू का आरोप है कि इस घटना में हाथ मे धारदार हथियार लगने से 12 टाके व शरीर में अन्य जगह गुम चोटे आई हैं। उक्त लोग पिता को ईलाज के लिए ( **शेष पेज सात पर** )



# नैनीताल में चल रहा हनी ट्रैप रैकेट,पुलिस ने पूछताछ के बाद नरेश पांडे को छोड़ा!

## युवती ने वापस ली अपनी तहरीर,पांडे समेत चार बाउंसरों को लिया था हिरासत में

नैनीताल। नैनीताल के भवाली से बड़ी खबर सामने आ रही है। व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश पांडे जिस पर यौन शोषण, जबरन गर्भपात और ब्लैकमेलिंग जैसे संगीन आरोप लगे थे पुलिस ने करीब 23 घंटे की पूछताछ के बाद छोड़ दिया है। दरअसल हाल ही में भवाली की ही एक युवती ने नरेश पांडे पर आरोप लगाया था कि पांडे ने खुद को अविवाहित बताकर उसे शादी का झांसा दिया और उसका यौन शोषण किया। इतना ही नहीं युवती ने नरेश पांडे पर जबरन गर्भपात करवाने का भी आरोप लगाया। युवती की तहरीर पर नैनीताल पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। जिसके बाद मामला तूल पकड़ा। हालांकि इसी बीच कहानी में बड़ा तब मोड़ आया जब युवती ने अगले दिन अपनी तहरीर वापस ले ली। जिसके बाद से ये मसला शहर भर में चर्चा का विषय बन गया। इसी बीच नरेश पांडे का एक वीडियो सामने आया जिसमें पांडे ये कहते नजर आए कि युवती उनकी अच्छी मित्र है। उनका दावा था कि कुछ लोगों ने युवती का माइंड वॉश किया। उसके प्राइवेट वीडियो वायरल करने की धमकी दी और दबाव बनाकर मुकदमा दर्ज करवाया।पीड़िता का भी एक वीडियो सामने आया। जिसमें उसने थ्प्त वापस लेने की बात स्वीकारी है। वीडियो में युवती कहती नजर आई कि कुछ लोगों ने उसे ब्लैकमेल किया। उसके निजी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए और दबाव में आकर उसने एफआईआर दर्ज करवाई। युवती ने ये भी दावा किया कि देहरादून से वीडियो की जांच करवाई गई और वो वीडियो एआई जनरेटेड निकला। लेकिन ये मामला यहीं खत्म नहीं हुआ 19 मई की सुबह पुलिस नरेश पांडे को नैनीताल पुलिस ने उनके घर के बाथरूम से उठाकर ले गई। करीब 23 घंटे तक नरेश पांडे से हिरासत में पूछताछ चली। इसी बीच नैनीताल के एसएसपी मंजूनाथ टीसी का बयान भी सामने आया। उन्होंने बताया कि मामला सिर्फ यौन शोषण तक सीमित नहीं है। सूचना मिली है कि नरेश पांडे कथित तौर पर एक हनी ट्रैप रैकेट भी चला रहा था। एसएसपी ने बताया कि पांडे पर आरोप है कि वे कुछ महिलाओं को आगे कर पुरुषों से संबंध बनवाते थे। फिर उसका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया जाता था। नैनताल में कथित हनी ट्रैप जैसे मामलों को लेकर भी नरेश पांडे से पूछताछ की गई। यही नहीं नरेश पांडे के चार बाउंसरों को भी पुलिस पूछताछ के लिए साथ लेकर गई थी। च के मुताबिक पांडे चार बाहुबली बाउंसरों के साथ चलते थे ताकि लोगों में खौफ बना रहे। उनके पीएसओ लाइसेंस को लेकर भी जांच की जा रही है। एसएसपी के मुताबिक इनमें से एक बाउंसर लखविंदर सिंह जो जसपुर का रहने वाला है उस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है । एफआईआर के मुताबिक लखविंदर सिंह पास लाइसेंसी रिवॉल्वर थी। लेकिन हथियार की सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन नहीं किया गया। ये भी स्पष्ट नहीं हो पाया कि हथियार किसकी सुरक्षा के लिए रखा गया था। एफआईआर में ये भी लिखा गया है कि लखविंदर सिंह के खिलाफ पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं। वहीं नरेश पांडे का मोबाइल फोन पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और उसकी जांच जारी है। हालांकि फिलहाल नरेश पांडे अपने घर पर हैं और पुलिस का कहना है कि इस मामले की जांच जारी है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या वाकई नैनीतल में किसी बड़े रैकेट का भंडाफोड़ होने वाला है? क्या युवती के बयान बदलने के पीछे कोई दबाव या साजिश है? या फिर झूठी शिकायत के आरोप में अब युवती पर ही कार्रवाई होगी?

# डीआईटी यूनिवर्सिटी के प्रबंधक पर केस दर्ज

## राजकीय शोक के बाद भी करवाया था मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित

देहरादून। सरकारी आदेशों की अवहेलना करने पर डीआईटी यूनिवर्सिटी के प्रबंधक के विरुद्ध देहरादून पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बता दें पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी के निधन के बाद प्रदेश भर में तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया था। इसके बाद में शिक्षण संस्थान ने अपने परिसर में मनोरंजन कार्यक्रम आयोजन करवाया था।19 मई को उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी के स्वर्गवास पर उत्तराखंड शासन ने राज्य में 3 दिन के लिए राजकीय शोक घोषित किया था। साथ ही निदेशक माध्यमिक शिक्षा



उत्तराखंड ने 19 मई को पत्र जारी करते हुए राजकीय शोक के दौरान राज्य के किसी भी शैक्षिक संस्थानों में किसी भी प्रकार के मनोरंजन/ सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर रोक लगाई थी। शासन की ओर से इस संबंध में सभी शैक्षणिक संस्थानों को अवगत कराया गया था, परंतु उक्त निर्देशों के बावजूद भी राजपुर क्षेत्र में स्थित डीआईटी यूनिवर्सिटी के प्रबंधकों द्वारा दिनांक मंगलवार शाम अपने परिसर में मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस पर थाना राजपुर पर यूनिवर्सिटी के प्रबंधक के विरुद्ध जानबूझकर सरकारी आदेशों की अवहेलना करने पर केस दर्ज किया गया है।

# सिलेंडर वितरण को लेकर विवाद, चौकी में हंगामा

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। शहर के वार्ड नंबर 36 घास मंडी क्षेत्र में गैस सिलेंडर वितरण को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते पुलिस चौकी तक पहुंच गया। मामला इतना बढ़ गया कि आदर्श कॉलोनी पुलिस चौकी में जमकर हंगामा होने का आरोप लगाया जा रहा है। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।जानकारी के अनुसार कांग्रेस समर्थित पार्षद के चाचा प्रकाश शर्मा इलाके के लोगों को लाइन लगवाकर गैस सिलेंडर वितरण करवा रहे थे। इसी दौरान एक नेताजी अपनी माता के



साथ मौके पर पहुंचे और बिना लाइन में लगे सिलेंडर देने की मांग करने लगे। बताया जा रहा है कि इस पर वहां मौजूद लोगों ने आपत्ति जताई, जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई।आरोप है कि विवाद के दौरान उक्त नेता द्वारा कांग्रेस नेता प्रकाश शर्मा के साथ गाली-गलौज की और मौके से चले गए। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस से की गई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने उक्त नेता को आदर्श कॉलोनी पुलिस चौकी बुला लिया।बताया जा रहा है कि चौकी पहुंचने के बाद मामला और गरमा गया। आरोप है कि उक्त नेता अपने समर्थकों के साथ चौकी पहुंचे और वहां रखे डंडे को उठा लिया तथा जमकर हंगामा किया। स्थिति बिगड़ती देख शिकायतकर्ता पक्ष चौकी से बाहर निकलकर सड़क पर आ गया। कुछ देर तक चौकी परिसर और आसपास तनाव की स्थिति बनी रही। घटना के बाद इलाके में राजनीतिक चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और चौकी में मौजूद लोगों से जानकारी ली जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि मामूली विवाद को राजनीतिक रंग देने से माहौल खराब हो रहा है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

## कच्ची शराब के साथ अधेड़ गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने अवैध कच्ची शराब की तस्करी में लिप्त एक अधेढ़ व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। प्रतापपुर चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान प्रतापपुर गांव के पास ग्राम कचनाल गाजी निवासी जागीर सिंह पुत्र सुरेन सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है।

# शांति भंग करते दो गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध और अपराधियो के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देशानुसार कोतवाली ट्राजिट कैम्प पुलिस टीम द्वारा अलग अलग स्थानो पर लड़ाई झगड़ा कर शान्ति व्यवस्था प्रभावित करने पर 02 व्यक्तियो को गिरफ्तार कर लिया गया। जिनमें हिमांशु गंगवार पुत्र ठाकुर दास निवासी शिमला बहादुर ट्रांजिट कैम्प को पशुराम चौक से गिरफ्तार किया गया है जबकि नरेश सिह पुत्र विजय सिह निवासी सुभाषनगर वार्ड 29 को शिव नगर मोड़ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वालों में उप निरीक्षक सौरभ कुमार, उप निरीक्षक चन्द्रप्रकाश बवाड़ी व कांस्टेबल मनोज बोरा शामिल थे।



# पूर्व मुख्यमंत्री खंडूरी को दी श्रद्धांजलि

गूलरभोज। शिव मंदिर रेलवे फाटक के पास उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद खंडूरी के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई थी और 2 मिनट का मोन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की शोक सभा मेंभाजपा नेता अतुल पांडे भाजपा नगर अध्यक्ष तरुण दुबे व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी गिरीश दुबे ओमप्रकाश डोगरा गुरमीत सिंह गुरमेल सिंह संजीव गुप्ता इंदर सिंह राठौड़ बिट्टू यादव आदि लोग उपस्थित थे।



# किशोरावस्था एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर। भानु प्रताप पब्लिक स्कूल द्वारा छात्राओं के स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को विद्यालय परिसर में किशोरावस्था स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। सुबह विषयों पर खुलकर जानकारी प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका सिंगरोरे रहीं। उन्होंने अत्यंत सरल और प्रभावशाली ढंग से मासिक धर्म स्वच्छता, भ्च्ट रोकथाम, टीकाकरण जागरूकता तथा किशोरावस्था में पूरे उत्साह के साथ सत्र में भाग लिया तथा अपनी जिज्ञासाओं और शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय श्रीमती दीपिका रस्तोगी द्वारा किया गया। शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ ने भी छात्राओं को प्रेरित करने और कार्यक्रम बनने में सहायक सिद्ध होती हैं। प्रधानाचार्य ने यह भी बताया कि विद्यालय समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम, व्यक्तित्व विकास सत्र एवं व्यवहारिक कार्यशालाओं का आयोजन करता रहता है, ताकि छात्रों का शैक्षणिक ही नहीं बल्कि सामाजिक, भावनात्मक




10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं को किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक परिवर्तनों के प्रति जागरूक किया गया। "सशक्त बेटियाँ, आत्मविश्वास से भरा कल" थीम पर आधारित इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को एक सुरक्षित, सकारात्मक और शिक्षाप्रद वातावरण प्रदान करना था, जहाँ वे किशोरावस्था, स्वास्थ्य और व्यक्तिगत स्वच्छता से जुड़े स्वास्थ्य देखभाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने संतुलित आहार, मानसिक स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता और सकारात्मक आत्म-सम्मान के महत्व पर भी प्रकाश डाला। डॉ. प्रियंका ने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर बिना झिझक खुलकर बात करने के लिए प्रेरित किया और समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की आवश्यकता पर बल दिया। छात्राओं ने को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश चंद्रा ने कहा कि किशोरावस्था जीवन का अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण चरण होता है। ऐसे में विद्यालयों का दायित्व है कि वे छात्रों को सही ज्ञान, आत्मविश्वास और नैतिक सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ छात्राओं को जागरूक, अनुशासित, जिम्मेदार और मानसिक रूप से सशक्त और शारीरिक विकास भी सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम का समापन छात्राओं को स्वस्थ, जागरूक, आत्मविश्वासी और सशक्त बनने के प्रेरणादायक संदेश के साथ हुआ। छात्राओं ने इस ज्ञानवर्धक और उपयोगी कार्यशाला के आयोजन के लिए विद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। यह पहल युवा छात्राओं के उज्ज्वल, स्वस्थ और आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

# बिना बताये घर से युवक लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला भदईपुरा से 13 मई की सायं एक युवक घर में बिना किसी को बताये संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी है। भदईपुरा निवासी माया देवी पत्नी कमलेश चन्द्र ने बताया कि 13 मई की शाम 6 बजे उसका पुत्र 26 वर्षीय किशन पाल बिना घर में बताये कही चला गया है। पुत्र की आसपड़ोस परिचितों व रिश्तेदारी में खोजबीन की गई लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। पुलिस ने लापता युवक की खोजबीन शुरू कर दी है।



# ई रिक्शा की टक्कर से मजदूर घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बुधवार की देर सायं काशीपुर मार्ग पर ई रिक्शा की टक्कर से मजदूरी कर पैदल घर जा रहा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। सूचना मिलने पर उसके परिजन भी आ गये। जानकारी के अनुसार काशीपुर मार्ग पर देर सायं एक रम्पुरा निवासी 50 वर्षीय विरेन्द्र साहनी पुत्र नन्दकिशोर मजदूरी कर पैदल घर वापस लौट रहा था। मार्ग में तेज गति से आते एक टेम्पों चालक ने उसे टक्कर मार दी और वाहन सहित मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे ई रिक्शा से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया और उसके मोबाईल से परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन भी वहां आ गये। विरेन्द्र के चहरे और अन्य अंगों पर चोटें आई है। चिकित्सकों ने मजदूर का प्राथमिक उपचार कर उसे परिजनों के साथ वापस भेज दिया।

# बरेली बवाल में अवैध हथियार सप्लाई करने वाला मुख्य आरोपी गफ्फार खान गिरफ्तार

## सादी वर्दी में रूद्रपुर पहुंची थी यूपी पुलिस, पुलिस की पूछताछ में कबूला जुर्म





रुद्रपुर/बहेड़ी। पिछले वर्ष बरेली में हुए चर्चित सांप्रदायिक बवाल में इस्तेमाल किए गए अवैध हथियारों की आपूर्ति के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी गफ्फार खान को गिरफ्तार कर लिया है। लंबे समय से फरार चल रहे गफ्फार खान की गिरफ्तारी के बाद इस मामले में कई अहम खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।पुलिस के अनुसार 26 सितंबर 2025 को बरेली में हुए बवाल के दौरान उपद्रवियों के पास बड़ी मात्रा में अवैध हथियार और कारतूस बरामद हुए थे। जांच में सामने आया कि इन हथियारों की सप्लाई उत्तराखंड के किच्छा क्षेत्र से की गई थी। इसके बाद बरेली और ऊधम सिंह नगर पुलिस ने संयुक्त रूप से जांच शुरू की थी।जांच के दौरान पुलिस ने पहले ही किच्छा निवासी इशरत अली और उसके सहयोगियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हथियारों की आपूर्ति गफ्फार खान के माध्यम से की गई थी। इसके बाद से ही पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।बताया जा रहा है कि गफ्फार खान किच्छा क्षेत्र का रहने वाला है और पूर्व में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा से जुड़ा रहा है। बुधवार सुबह पुलिस ने उसे रुद्रपुर के मुख्य बाजार क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए और आरोपी को सीधे थाने ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी।पुलिस सूत्रों के अनुसार गफ्फार खान ने प्रारंभिक पूछताछ में स्वीकार किया है कि उसने फरहत और इशरत के कहने पर हथियार उपलब्ध कराए थे। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि हथियारों की खरीद कहां से हुई और इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।इस मामले में राजनीतिक हलकों में भी हलचल तेज हो गई है। गफ्फार खान की गिरफ्तारी के बाद भाजपा और विपक्षी दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई पूरी तरह साक्ष्यों के आधार पर की जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।एसएसपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ बरेली में दर्ज मुकदमे में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही हथियार सप्लाई नेटवर्क से जुड़े अन्य संदिग्धों की तलाश भी तेज कर दी गई है।गफ्फार खान की गिरफ्तारी को बरेली बवाल की जांच में बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस को उम्मीद है कि इस कार्रवाई से न केवल अवैध हथियार तस्करी के नेटवर्क का पर्दाफाश होगा, बल्कि बवाल के पीछे की पूरी साजिश भी सामने आएगी। गफ्फार खान किच्छा क्षेत्र का निवासी है और स्थानीय राजनीति में सक्रिय रहा है। वह पूर्व में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा से जुड़ा बताया जाता है। पुलिस के अनुसार वह लंबे समय से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ बरेली बवाल मामले में गंभीर आरोप दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद उससे कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की संभावना है।

# शनिवार को सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग अनिवार्य

नैनीताल (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन के निर्देशों के क्रम में नैनीताल के जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जनपद में ईंधन बचत, ऊर्जा संरक्षण एवं संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग हेतु सभी अधिकारियों, कार्मिकों व विभागों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जारी दिशा निर्देशों का प्रत्येक दशा में कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए और उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने आदेशित किया है कि जनपद के समस्त अधिकारी व कार्मिक प्रत्येक शनिवार को कार्यालय आवागमन हेतु सार्वजनिक परिवहन साधनों का ही प्रयोग करेंगे। समस्त अधिकारियों द्वारा अपने सरकारी आवास से कार्यालय जाने हेतु ही सरकारी वाहन का प्रयोग किया जाएगा तथा अपने निजी आवास से कार्यालय आने जाने हेतु सरकारी वाहन का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रत्येक अधिकारी द्वारा केवल एक ही सरकारी वाहन का प्रयोग किया जाएगा और वह भी अति आवश्यक राजकीय कार्य हेतु ही। जिन अधिकारी व कार्मिकों के पास ई वाहन उपलब्ध हैं, वे कार्यालय आवागमन हेतु प्राथमिकता के आधार पर ई वाहनों का प्रयोग करेंगे। निकटवर्ती स्थानों से आने वाले कार्मिक आपसी समन्वय से कार पूल व्यवस्था अपनाएं। शासकीय कार्यों में यथासंभव वर्चुअल मीटिंग्स को बढ़ावा दिया जाए। ऊर्जा संरक्षण के दृष्टिगत सरकारी कार्यालयों में ए.सी. का तापमान 24 से 26 डिग्री सेंटीग्रेट रखा जाए तथा ए.सी. के अनावश्यक प्रयोग को हतोत्साहित किया जाए। कार्यालयों में अनावश्यक रोशनी और सजावटी लाइटिंग पर पूर्ण नियंत्रण रखा जाए। समस्त कार्मिक ईंधन की बचत, बंतइवद मउपेपवद (कार्बन उत्सर्जन) में कमी एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से अनावश्यक निजी वाहन के उपयोग से बचें। जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयाध्यक्षों व विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि वे अपने अपने कार्यालयों में इन आदेशों का तत्काल प्रभाव से कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि जनहित, पर्यावरण संरक्षण एवं संसाधनों की बचत के लिए यह कदम उठाया गया है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।

# जनपद के स्कूलों में 'हाफ डे' की व्यवस्था लागू

रूद्रपुर। जिले में लगातार बढ़ती गर्मी और लू (हीटवेव) के थपेड़ों को देखते हुए जिला प्रशासन सख्त हो गया है। स्कूली बच्चों की सेहत और सुरक्षा के मद्देनजर जिलाधिकारी ने एक बड़ा फैसला लिया है। आदेश के मुताबिक, जिले के कक्षा 1 से 12वीं तक के सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के साथ-साथ आंगनवाड़ी केंद्रों के समय में तत्काल प्रभाव से बदलाव कर दिया गया है। नए नियम के तहत, 20 मई 2026 से अगले एक सप्ताह तक सभी विद्यालयों और आंगनवाड़ी केंद्रों में 'हाफ डे' (आधे दिन की पढ़ाई) की व्यवस्था लागू रहेगी, ताकि बच्चों को भीषण दोपहर में तपने से बचाया जा सके।

# ट्रैक्टर ट्राली के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



रामनगर। पीरुमदारा क्षेत्र से अज्ञात लोगों द्वारा एक ट्रैक्टर ट्रॉली चोरी कर ली गई थी इस मामले में पुलिस द्वारा वाहन स्वामी की तहरीर पर आरोपीयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी गई थी मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर गठित पुलिस टीम द्वारा करीब 70 80 सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगालते हुए पुलिस ने चोरी किए गए ट्रैक्टर ट्राली के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया तो वही गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 2000 का इनाम देने की घोषणा भी की गई है इस संबंध में जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी 10- 10 हजार रुपए के इनामी बदमाश है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बीती 9 में मई को बृजमोहन पुत्र कृपाल सिंह निवासी भवानीपुर, रामनगर द्वारा अपने ट्रैक्टर मय ट्रॉली चोरी होने के संबंध में कोतवाली रामनगर में तहरीर दी गई थी। तहरीर के आधार पर रामनगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की थी तथा घटना का खुलासा करने के लिए कोतवाल सुशील कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था जिसमें पीरुमदारा चौकी इंचार्ज वीरेंद्र बिष्ट के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी कैमरो की मदद से दो समथिंग दो लोगों को ट्रैक्टर ट्राली ले जाते हुए देखा इसके बाद पुलिस ने अपनी जांच को आगे बढ़ाते हुए घटना के खुलासों को लेकर अपनी कमर कली थी उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस टीम द्वारा अतीक पुत्र हफीज निवासी फरीदनगर वार्ड नं0 7 थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद तथा सद्दाम पुत्र लड्डन शाह निवासी फरीदनगर वार्ड नं0 7 थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद को चोरी किए गए ट्रैक्टर ट्राली के साथ गिरफ्तार किया गया उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है।

# सड़कों के किनारे अवैध निर्माण सामग्री डंप करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

चंपावत (उद संवाददाता)। जनपद के मुख्य मार्गों और मोटर मार्गों को सुरक्षित तथा सुचारू बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी व अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मनीष कुमार ने कड़े दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों के दौरान कतिपय लोगों और संस्थाओं द्वारा भवन निर्माण सामग्री को सीधे मुख्य सड़कों और मोटर मार्गों के किनारे अनधिकृत रूप से डंप किया जा रहा है। सड़कों पर इस तरह अवैध रूप से रखी जा रही सामग्री के कारण न केवल पूरी यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है तथा जल निकासी व्यवस्था बाधित होकर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। साथ ही धूल एवं गंदगी फैलने से जन स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने समस्त उपजिलाधिकारी तथा मोटर मार्गों से संबंधित संस्थाओं को निर्देशित किया है कि मोटर मार्गों के किनारे रखी निर्माण सामग्री को हटाए जाने हेतु तत्काल आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि मोटर मार्गों के किनारे बिना अनुमति कोई भी निर्माण कार्य न करें और प्रशासन की इस मुहिम में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बनबसा में खतरा बने पेड़ों की लोपिंग का कार्य युद्धस्तर पर जारी

चम्पावत (उद संवाददाता)। टनकपुर तहसील दिवस में प्राप्त जन शिकायत का संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने बनबसा क्षेत्र में जनसुरक्षा के लिए खतरा बने पेड़ों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नगर पंचायत बनबसा की अध्यक्ष रेखा देवी द्वारा काफी समय से ग्रामीणों के लिए जोखिम बने पुराने और ऊंचे पेड़ों के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार ने वन विभाग को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए, जिसके बाद जोखिमपूर्ण पेड़ों की लोपिंग (छंटान) का कार्य तेजी से प्रारम्भ कर दिया गया है।नगर पंचायत बनबसा के वार्ड संख्या 4, 5 एवं 6 सहित ग्राम आनंदपुर में स्थित कई पेड़ अत्यधिक पुराने और जर्जर अवस्था में पहुंच चुके थे। तेज आंधी, बारिश अथवा तूफान के दौरान इन पेड़ों के घरों, विद्युत लाइनों और सार्वजनिक स्थलों पर गिरने की आशंका बनी रहती थी, जिससे किसी भी समय बड़ी अनहोनी हो सकती थी। ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वन विभाग ने अब तक चिन्हित किए गए 21 जोखिमपूर्ण पेड़ों में से 16 पेड़ों की लोपिंग का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है।विभागीय अधिकारियों के अनुसार शेष बचे पेड़ों पर भी युद्धस्तर पर कार्य जारी है और इसे शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने संबंधित विभागों को कड़े निर्देश दिए हैं कि मानसून सीजन के आगमन से पूर्व जनसुरक्षा से जुड़े सभी संभावित जोखिमों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस कार्यवाही से स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली है।

# रामनगर में छात्र पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

रामनगर (उद संवाददाता)। मंगलवार की दोपहर स्कूल से घर लौट रहे एक छात्र पर दर्जन भर से अधिक युवकों ने चाकू और नुकीले हथियारों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। घायल छात्र को तुरंत उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। ग्राम मंगलार निवासी नवीन चंद्र कुयाल ने बताया कि दोपहर उनका 16 वर्षीय पुत्र स्कूल से घर आ रहा था। जैसे ही उनका पुत्र बस से उतरा, तभी पीछे से दर्जन भर से अधिक युवकों ने उसे घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। हमलावर युवकों के हाथों में नुकीले हथियार और डंडे थे, जिससे उन्होंने छात्र पर हमला किया। इसी बीच एक हमलावर ने छात्र की कमर के पास चाकू से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। छात्र की चीख पुकार सुनकर जब तक लोग और परिजन मौके पर पहुंचे, सभी हमलावर वहां से फरार हो गए। पीड़ित के पिता ने बताया कि इस घटना से उनका पूरा परिवार दहशत में है। उन्होंने मामले में पुलिस को तहरीर सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस द्वारा गहन जांच की जा रही है और कुछ युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

'जय माता दी' 'जय बाबा की'
श्री बालाजी दरबार
स्थानः- बिगवाड़ा वाली माताजी के मंदिर पर आवास विकास रूद्रपुर
दिनांक: 21 मई 2026 दिन बृहस्पतिवार समय: रात्रि 7:00 बजे से
निवेदक:-विकास शर्मा, श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबल ट्रस्ट, रूद्रपुर
एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार, संपर्क सूत्र 8439733314,8272020006,9897545454

# नानकमत्ता में शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा का लालच देकर व्यापारी से चार लाख की ठगी

नानकमत्ता। क्षेत्र में शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित कारोबारी ने थाना नानकमत्ता में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। खटीमा रोड निवासी मनोज कुमार अग्रवाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि फरवरी 2026 में उसके पास विनीत साहनी और मनीष खण्डेलवाल नाम के व्यक्तियों का फोन आया। दोनों ने खुद को शेयर मार्केट का एक्सपर्ट बताते हुए कम समय में रकम दोगुनी करने का भरोसा दिलाया। उनकी चिकनी-चुपड़ी बातों में आकर पीड़ित ने अलग-अलग तारीखों में कुल 4 लाख 20 हजार रुपये निवेश कर दिए। शिकायत के अनुसार 26 फरवरी को 1 लाख रुपये, 12 मार्च को 2 लाख रुपये और 17 मार्च को 1 लाख 20 हजार रुपये आरोपियों को दिए गए। कुछ समय बाद जब शेयर मार्केट में तेजी आई तो पीड़ित ने अपना पैसा मुनाफे सहित वापस मांगा। आरोप है कि इस पर दोनों व्यक्तियों ने और 10 लाख रुपये निवेश करने की शर्त रख दी। पीड़ित को जब ठगी का शक हुआ तो उसने और पैसे देने से मना कर दिया और अपनी रकम वापस मांगने लगा। आरोप है कि इसके बाद दोनों आरोपियों ने फोन उठाना बंद कर दिया और रकम लौटाने से साफ इनकार कर दिया। पुलिस ने व्यापारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार मजदूर को मारी टक्कर, कार सवार हुए फरार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा हाईवे एनएच 74 पर स्थित नालंदा स्कूल के पास कृष्ण ढाबे के सामने बुधवार की दोपहर एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने बाइक से रोड क्रॉस कर रहे बलवंत सिंह को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार उनके पैरों को रौंदते हुए निकल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जुट गई। बताया जा रहा है कि फॉर्च्यूनर कार संख्या यूके 06 8888 है। घायल



के भाई राजपाल का आरोप है कि कार भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला की थी। हालांकि फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि हादसे के समय कार में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला मौजूद थे या नहीं। घटना के बाद कार चालक और उसमें सवार कुछ क्षणों के लिए घायल युवक के पास आए और उसे उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाने के बजाय सभी लोग मौके से फरार हो गए। जबकि घायल बलवंत सिंह सड़क पर काफी देर तक तड़पता रहा। काफी देर तक कोई मदद नहीं मिलने पर उनके भाई राजपाल ने एंबुलेंस की सहायता से घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार घायल की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। वहीं मामले को लेकर पुलिस जांच में जुट गई है।

# होली चाइल्ड में अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन

रूद्रपुर। विद्यालय के सत्र 2026-27 के लिए छात्र संघ का गठन विद्यालय के नवनिर्मित भव्य ऑडिटोरियम में ''इनवेस्टिचर सेरेमनी'' (अलंकरण समारोह) कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के संरक्षक श्री योगराज बत्रा, वाइस चेयरमैन श्रीमान विकास बत्रा जी के करकमलों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात् बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना पर भक्तिभावपूर्ण नृत्य एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा नव निर्वाचित छात्र संघ के सदस्यों को अपने पद, गरिमा एवं दायित्वों के प्रति शपथ ग्रहण कराया गया। नव गठित छात्र संघ में एडवाइजर-लावन्या सक्सेना, हेड बॉय-ईशान शुक्ला, हेड गर्ल-रिद्धि अरोरा, डिप्यूटी हेड बॉय-शोर्य साहनी, डिप्यूटी हेड गर्ल-साक्षी जोशी, साँस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख-हिमांशी कक्कर चयनित किए गए। स्पोर्ट्स



कैप्टन-लक्ष कुमार यादव व याशिका गौतम, डिप्टी स्पोर्ट्स कैप्टन-रूद्राक्ष नारंग व अलीशा सामंत चयनित किए गए। इसके साथ-साथ ही हाउस कैप्टन, सूचना प्रौद्योगिकी क्लब एवं अनुशासन प्रमुख का भी चयन किया गया। विद्यालय के वाइस चेयरमैन श्री विकास बत्रा ने नवनिर्वाचित छात्रसंघ को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अपने संदेश में कहा कि छात्र संघ के गठन द्वारा छात्रों में नेतृत्व की भावना विकसित होती और उनका सर्वांगीण विकास होता है।विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मिंटू दूबे ने अपने संदेश में नव निर्वाचित छात्र संघ को बधाई दी एवं कर्तव्यनिष्ठ व निष्पक्ष रूप से कार्य करने प्रेरणा देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस जिम्मेदारी से छात्रों में आत्मविश्वास व नेतृत्व की भावना विकसित होती है। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक श्री योगराज बत्रा, चेयरमैन श्री रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन श्री विकास बत्रा, एमङ्कडीङ्क श्रीमति पूजा बत्रा, श्री विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मिंटू दूबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) श्री प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) श्रीमती मंजू अधिकारी, श्री सुध ाकर सिंह (एच.ओ.डी.-फिजिकल एजूकेशन) तथा समस्त शिक्षक वर्ग ने नवनिर्वाचित छात्र संघ को बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।

# खाटू श्याम की भव्य शोभायात्रा का किच्छा में जोरदार स्वागत

किच्छा। नगर में निर्माणाधीन श्री खाटू श्याम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में राजस्थान स्थित खाटू धाम से बाबा श्याम की पावन प्रतिमा को लेकर निकली शोभायात्रा मंगलवार शाम किच्छा पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा, जयकारों और भजन-कीर्तन के साथ भव्य स्वागत किया। देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ बाबा के दर्शन के लिए उमड़ी रही।रुद्रपुर रोड स्थित निर्माणाधीन श्री खाटू श्याम मंदिर में आगामी 25 से 29 जून तक आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मंदिर समिति और श्रद्धालु इस ऐतिहासिक आयोजन को भव्य बनाने में जुटे हुए हैं। इसी के तहत मंदिर में स्थापित की जाने वाली बाबा श्याम की प्रतिमा को खाटू धाम राजस्थान से विधि-विधान के साथ



लाया गया।शोभायात्रा के किच्छा पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने सबसे पहले पुरानी मंडी स्थित मारवाड़ी मंदिर में बाबा की प्रतिमा को विश्राम के लिए विराजमान कराया। यहां पंडित नागर शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कराई। भक्तों ने बाबा के चरणों में पुष्प अर्पित कर परिवार और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।इसके बाद बाबा श्याम की शोभायात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर निकली। डीडी चौक, तहसील मोड़ और महाराणा प्रताप चौक पर व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। पूरे नगर में "हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा" और "जय श्री श्याम" के जयघोष गूंजते रहे।मंदिर समिति के संस्थापक गोविंद कुमार गोयल ने बताया कि मंदिर अध्यक्ष गिरधारी गोयल, ग्यारसी बंसल और मुकेश गर्ग सहित समिति के सदस्य विशेष रूप से खाटू धाम जाकर बाबा की प्रतिमा लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।कार्यक्रम में पं. रमेश चंद्र मिश्रा, किशन गोयल, सुमित गोयल, अंकुर अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, प्रकाश गोयल, मदन गोयल, अनुप गोयल, राजीव अग्रवाल, मनोज सिंघल, दीपा गोयल, ओम प्रकाश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मंदिर समिति ने नगरवासियों से 25 से 29 जून तक आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। किच्छा में बनने जा रहा यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का नया केंद्र बनेगा।




# ठंडा शरबत पिलाकर राहगीरों को दी गर्मी से राहत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा नेता एवं समाजसेवी एडवोकेट प्रमोद मित्तल के नेतृत्व में गांधी पार्क के



समीप भंडारा एवं शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, राहगीरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया।भीषण गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं एवं आमजन के लिए भोजन वितरण के साथ-साथ मीठे शरबत की विशेष छबील लगाई गई जिसमें राहगीरों, रिक्शा चालकों, मजदूर भाइयों एवं जरूरतमंद लोगों को ठंडा शरबत वितरित किया गया, जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। प्रमोद मित्तल ने कहा कि जनसेवा ही सबसे बड़ा धर्म है तथा जरूरतमंदों की सहायता करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि यह जनसेवा अभियान पिछले लंबे समय से निरंतर संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में कुशल अग्रवाल, सुनील पचौरी, रवि अग्रवाल, प्रमोद यादव, प्रवीण जैन, अमित मित्तल, ज्योति अग्रवाल, अनुराग शर्मा, निखिल चंडोक, राजेश मित्तल, ज्योति गर्ग, उदय वार्ष्णेय, जुगनू अरोरा, एडवोकेट पूजा मित्तल, एडवोकेट दीपिका मित्तल सहित अनेक सहयोगी उपस्थित रहे ।

# बच्चों को दी कानूनी अधिकारों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बालिका विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल जगतपुरा आवास विकास रुद्रपुर में बाल संस्कार शिविर के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा उपस्थित बालक बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनी विषयों पर विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी ने छात्र छात्राओं को बाल अधिकार, बाल विवाह निषेध, पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम और गुड टच बेड टच के बारे



में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बच्चों को संकट के समय सहायता के लिए जारी विभिन्न आपातकालीन नंबरों के प्रति जागरूक करते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर क्राइम नंबर 1930 और पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई भी बालक या बालिका असुरक्षित परिवेश में रह रहे हों या उन्हें किसी भी प्रकार की देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता हो, तो ऐसे बच्चों की जानकारी तुरंत जिला बाल कल्याण समिति या चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर दी जा सकती है ताकि समय रहते उनकी मदद की जा सके। इस महत्वपूर्ण ज्ञानवर्धक कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन केंद्र समन्वयक चांदनी रावत, केस वर्कर रमा बलोदी, विद्यालय के प्रधानाचार्य धीरज पंत व भारत विकास परिषद से रेखा अरोरा सहित समस्त विद्यालय स्टाफ और भारी संख्या में बालक बालिकाएं सम्मिलित रहे।

# कार्यशाला में एबीडीएम के क्रियान्वयन का प्रशिक्षण दिया

हल्द्वानी। नैनीताल जनपद के अंतर्गत सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, उत्तराखंड की पहल पर कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रतिभागियों को एबीडीएम, एचएमआईएस, के उपयोग समेत विभिन्न जानकारियां दी गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा स्वेता भंडारी की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में मेडिकल कॉलेज व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर एबीडीएम उत्तराखंड की प्रबंधक प्रज्ञा पालिवाल ने कहा कि राज्य मिशन के निदेशक उत्तराखंड के निर्देशों पर विभिन्न क्षेत्रों में कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के अंतर्गत हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री (एचपीआर), हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री (एचएफआर), हेल्थ



रिकार्ड लिंकेज, स्कैन एंड शेयर, स्कैन एंड पे, एबीडीएम कंप्लायंट एचएमआईएस के क्रियान्वयन संबंधी विस्तृत जानकारियां प्रदान की। उन्होंने कहा कि एबीडीएम का क्रियान्वयन हेल्थ सेक्टर में अनिवार्य है। प्रदेश के सभी जनपदों में मॉडल फेसिलिटी पर कार्य किया जा रहा है। आभा के जरिए स्कैन एंड शेयर कर लाभार्थियों को आसान सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। एबीडीएम की संपूर्ण प्रक्रिया व उसके महत्व के बारे में प्रोजेक्टर के जरिए समझाया गया। कार्यशाला में मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के डॉ गोविन्द सिंह तितियाल प्रधानाचार्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मदन मेहरा, स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, सरकारी व निजी अस्पताल व एनआईसी के प्रतिनिधियों समेत सहायक निदेशक द्रौपदी गर्ब्याल, वरिष्ट चिकित्सा अधिकारी आरके जोशी, डॉ मणीभूषण पंत, तिलोत्मा यादव, पंकज तिवारी, दीवान बिष्ट, हेम जलाल, सरयू नंदन जोशी, दिनेश बोरा, देवेंद्र बिष्ट, रवि उप्रेती, बिना मेहरा, पूर्णिमा जंतवाल, अवनीश, ललित, राघवेंद्र रावत, आनंद खंडूरी, हिमांशु, एबीडीएम टीम के अमृत पोखरियाल, हार्दिक उपाध्याय, अंकुर यादव उपस्थित रहे। संचालन डीपीएम मदन मेहरा ने किया।

# पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी (सेवानिवृत्त) के निधन पर उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड लोकतंत्र सेनानी संघ ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकतंत्र सेनानी एडवोकेट सुभाषचंद्र छाबड़ा ने कहा कि स्वर्गीय खंडूरी ने केंद्रीय मंत्री के रूप में राष्ट्रीय राजमार्गों की जो योजना तैयार की थी, आज उसी के परिणामस्वरूप देश में सड़कों का जाल बिछ गया है। उन्होंने कहा कि भुवन चंद्र खंडूरी ने भारतीय सेना में रहते हुए राष्ट्र सेवा, अनुशासन और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सैन्य जीवन से लेकर सार्वजनिक जीवन तक उनका व्यक्तित्व राष्ट्रहित और जनसेवा के प्रति समर्पित रहा। राजनीतिक जीवन में उन्होंने उत्तराखंड के विकास, सुशासन, पारदर्शिता और ईमानदार कार्यशैली की मजबूत पहचान बनाई। एक जननेता के रूप में उन्होंने प्रदेश के विकास हेतु अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए और अपनी सादगी, स्पष्टवादिता एवं कार्यकुशलता से लोगों के हृदय में विशेष स्थान बनाया। उनका निधन उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है।

# भारत विकास परिषद के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ

रुद्रपुर। भारत विकास परिषद द्वारा सोनिया होटल में शपथ ग्रहण समारोह एवं कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवदायित्वधारी पदाधिकारियों ने शपथ ली तथा परिषद की विचारधारा, सेवा कार्यों और संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं परिषद पदाधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् गान के साथ हुआ। मंच संचालन शाखा सचिव राजेश सलूजा ने किया। अतिथियों के स्वागत उपरांत शाखा अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने परिषद के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित होकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का कार्य कर रहा है।कार्यशाला में क्षेत्रीय वित्त सचिव राजेंद्र कुमार गुप्ता ने परिषद की विचारधारा और उद्देश्यों की जानकारी देते हुए समाज के कमजोर वर्गों की सेवा तथा भारतीय नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोड़ा ने परिषद के कार्यक्रमों एवं बैठकों के प्रोटोकॉल पर मार्गदर्शन दिया।प्रांतीय महासचिव हरीश शर्मा ने 'सेवा, संपर्क एवं पर्यावरण' विषय पर विस्तार से जानकारी देते हुए समाजहित में परिषद की भूमिका को रेखांकित किया। वहीं प्रांतीय संयोजिका महिला सहभागिता रश्मि जैन ने 'संस्कार एवं महिला सहभागिता' विषय पर महिलाओं को प्रेरित करते हुए संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका पर जोर दिया। द्वितीय सत्र में प्रांतीय वित्त सचिव अमित गंभीर ने वित्तीय प्रबंधन एवं पारदर्शिता पर चर्चा करते हुए संगठनात्मक कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने की अपील की। इसके पश्चात टोली निर्माण गतिविधियों एवं मुक्त चिंतन सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें सदस्यों ने अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम में विधायक शिव अरोड़ा ने भी सहभागिता करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और परिषद द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की।अंत में शाखा सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। राष्ट्रगान एवं रात्रि स्नेह भोज के साथ कार्यक्रम हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विजय भूषण गर्ग, विष्णु कुमार सक्सेना, संजय कुमार, अरुण अग्रवाल, संजय सिंघल, रोहित सलूजा, ललित मोहन गोयल, राजकुमार बिंदल, अजय अग्रवाल, महेंद्र गोयल, दिवाकर पांडे, विशाल गोयल, अमित अरोरा, हरीश बजाज, दीपक कुमार अरोरा, कीर्ति निधि शर्मा, सुरेंद्र मिड्ढा, पंकज कालरा, कश्मीर सिंह विर्क, मनीष कुमार अग्रवाल, अजीत पाल सिंह, करन पाल सिंह, अजीत जैन, निखिलेश शांडिल्य, रोहित कपूर, भारत भूषण चुग, संजीव अरोरा, शरद मोहन गुप्ता, राकेश बंसल, पंकज बांगा, यमन बब्बर, दिनेश बटला, सुरेश बब्बर, राकेश दुनेजा सहित बड़ी संख्या में सदस्य एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।







## बैठक में इन पदाधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

रूद्रपुर। भारत विकास परिषद रुद्रपुर शाखा के सत्र 2026-27 हेतु आनंद अग्रवाल को अध्यक्ष, राजेश सलूजा को सचिव, विपिन लूथरा को कोषाध्यक्ष, जतिन अग्रवाल को उपाध्यक्ष तथा ललित मोहन को संयुक्त सचिव का दायित्व सौंपा गया।इसके अलावा विभिन्न गतिविधियों के लिए भी संयोजकों एवं सह-संयोजकों की नियुक्ति की गई। संस्कार प्रकल्प की जिम्मेदारी कीर्ति निधि शर्मा, सेवा प्रकल्प की जिम्मेदारी संजय कुमार, महिला सहभागिता की जिम्मेदारी नीतू अग्रवाल, संपर्क प्रकल्प की जिम्मेदारी रोहित सलूजा तथा पर्यावरण प्रकल्प की जिम्मेदारी गुंजन खेड़ा को सौंपी गई। मीडिया प्रभारी का दायित्व हरीश बजाज को दिया गया, जबकि महिला कौशल विकास प्रकल्प की जिम्मेदारी रीना चौधरी को सौंपी गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और सेवा कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

# सत्संग का प्रकाश करता है हमारे अंतर्मन को प्रकाशित : श्री हरि चैतन्यपुरी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व संत स्वामी श्री हरि चौतन्य पुरी जी ने यहाँ ग्राम दानपुर में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सत्संग का प्रकाश हमारे अंतर्मन को प्रकाशित करता है और हमें भी उस ज्ञान रूपी प्रकाश को अपने अंतर मन में धारण कर परमपिता परमेश्वर को पाने का प्रयास करना चाहिए। मगर जब तक सत्य का संग नहीं होगा सत्संग से भी कोई लाभ प्राप्त हो नहीं सकेगा। उन्होंने कहा कि दृढ़ता,संयम,त्याग व तद्नुकुल आचरण इन चारों के एकत्रित होने पर ही सफलता प्राप्त होती है। योग्यता से अधिक महत्वकांक्षी नहीं होना चाहिए। कामनाओं को सीमित करें इनका कोई अंत नहीं। यह हृदय को पीड़ित करती हैं। सच्चा भाव ही सच्ची उपासना है। सच्चे हृदय से प्रेम व श्रद्धा पूर्वक की गई प्रार्थना को परमात्मा अवश्य ही सुनते हैं। उन्होंने कहा कि जगत की यथासामर्थ्य सेवा तथा परमात्मा व संतों से प्रेम करो। उनसे प्रेरणा शिक्षाएं उपदेश ग्रहण करके अपने जीवन में उतारे। अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व "श्री गुरु महाराज" "कामां के कन्हैया"व "लाठी वाले भैय्या" की जय जयकार से गूँज उठा। इससे पूर्व हल्द्वानी, मोटाहल्दू, किच्छा, लालपुर, रूद्रपुर में पधारने पर स्थान स्थान पर बड़ी संख्या में हरि भक्तों ने श्री महाराज जी का हार्दिक भव्य स्वागत किया ।



# तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ युवक दबोचा

नानकमत्ता । नानकमत्ता में पुलिस ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था, अपराध रोकथाम और मादक पदार्थों की धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस टीम गश्त पर थी।बताया गया कि अ0उ0नि0 कृपाल सिंह पटवाल अपनी टीम अ0उ0नि0 चंचल सिंह, अ0उ0नि0 कमलेश मेहरा और कांस्टेबल मो. इमरान खान के साथ सुनखरी, किशनपुर और बरकीडांडी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान बरकीडांडी से ज्ञानपुर गौड़ी जाने वाले रास्ते पर पुलिया के पास एक संदिग्ध युवक पुलिस वाहन को देखकर घबरा गया और पीछे मुड़कर भागने लगा।पुलिस टीम ने शक होने पर युवक का पीछा किया और करीब 10-12 कदम की दूरी पर खाली खेत में घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मंगत सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र कृपाल सिंह निवासी बरकीडांडी, कोतवाली नानकमत्ता, उम्र 25 वर्ष बताया।तलाशी के दौरान युवक की जींस की जेब से एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ, जिस पर "8 डड ज्ञ८" लिखा था। वहीं उसकी जींस में खोंसा हुआ एक 315 बोर का तमंचा भी बरामद किया गया। पुलिस द्वारा तमंचा रखने का कारण पूछने पर युवक ने बताया कि वह जंगली जानवरों के डर से तमंचा अपने पास रखता था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पंत की जयंती पर कवि सम्मेलन व विचार गोष्ठी आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अरुणोदय संस्था के सौजन्य से कवि सुमित्रानंदन पन्त जयन्ती के अवसर पर अरुणोदय श्रीमती आनन्दी देवी रावत धर्मशाला परिसर नवाबी रोड में कवि सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. पीसी बाराकोटी, कार्यक्रम अध्यक्ष जीवन चन्द्र जोशी, संयोजिका डॉ पुष्पलता जोशी पुष्पांजलि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्रीमती अमृता पाण्डे ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कवि सम्मेलन में अपनी रचनाएं सुनाते हुए कु. दीक्षिता पन्त ने नीट पेपर लीक पर तंज कसा, भुवनेश विराट ने उत्तराखंड के वीर जवानों का गुणगान किया, श्रीमती पारु तिवारी ने सुनाया प्रकृति का दिया प्रकृति में समाया, मनीष पन्त ने सुनाया कहां जाकर सुकून की भीख मांगें यहां हर घर पर ताले पड़े हैं, श्रीमती विमला जोशी ने अपनी रचना से कवि पन्त को श्रद्धांजलि दी, करुणा शंकर काण्डपाल ने कहा यहां सब कुछ बिकता है दोस्तो रहना जरा संभलकर, डॉ पुष्पलता जोशी ने सुनाया से प्रकृति मां हमको भी अपना सा नूतन यौवन देना, विनायक जीवन जोशी ने कहा सावन के गीत जब से गाये जाने लगे हैं ।कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए बिपिन चन्द्र पाण्डे ने विचार गोष्ठी में बोलते हुए सुमित्रानंदन पन्त के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए नयीं पीढ़ी को रचनाधर्मिता की प्रेरणा लेने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भुवन चंद्र खंडूरी के निधन पर दु:ख व्यक्त किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राजकुमार केसरवानी, न्यास अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह रौतेला, जीवन सिंह रावत, जीडी सती, बी जोशी, नवीन चन्द्र तिवारी, कोषाध्यक्ष लतेश मोहन, मधुसूदन लोहनी आदि उपस्थित थे।



# बंगाली कल्याण समिति की कोर कमेटी गठित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। बंगाली कल्याण समिति की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए एक कोर कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में तीनों क्षेत्र से तीन-तीन व्यक्तियों को जिम्मेदारी दी गई एवं दो पुराने अध्यक्षों को जोड़ दिया गया। साथ ही इस कमेटी के प्रमुख कल्याण समिति का अध्यक्ष रहेंगे। इस अवसर पर कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी ने कहा है कि हम सब का उद्देश्य एक ही है कि बंगाली बाहुल्य गदरपुर, रुद्रपुर व सितारगंज तीनों क्षेत्र में बंगाली जनप्रतिनिधियों को विधायक के रूप में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले। इसके लिए तीनों क्षेत्र से भाजपा के नेतृत्व करने वाले समाजसेवियों से कह दिया गया है कि वह अपने-अपने पार्टी से विधानसभा का टिकट मांगे और यदि दोनों पार्टी से यदि कोई भी पार्टी किसी भी बंगाली समाज के लोगों को टिकट नहीं देता है तब यह कोर कमेटी पुन: बैठक करके अपने झंडे तले उपयुक्त स्थान से अपने कैंडिडेट को चुनाव लड़ाएंगे ।इस अवसर पर समीर राय, जीवन राय, तारक बछाड़, चंद्रशेखर गांगुली, परिमल राय, अरबिंदो विश्वास, शिवपद सरकार, सुभाष व्यापारी, सुमित रॉय, प्रदीप शाह, अशोक विश्वास, अमित विश्वास, श्रीनाथ विश्वास, नारायण महाजन आदि मौजूद थे।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## भीषण गर्मी की मार

उत्तर और पश्चिमी भारत में गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। कई राज्यों में तापमान 46 डिग्री के पार पहुंच गया है। हाल में कुछ राज्यों में आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट आई थी, लेकिन अब आसमान से फिर आग बरसने लगी है। दिन में लू चल रही है और रात में भी लोग गर्मी से बेहाल हैं। कृत्रिम उपकरणों के जरिए राहत पाने के लिए बिजली की मांग में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय मौसम विभाग ने जून तक के मौसम का जो पूर्वानुमान जारी किया है, उसके अनुसार पूर्वी-मध्य, उत्तर-पश्चिम भारत और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीप में इस बार अधिक गर्मी पड़ेगी। जाहिर है कि आने वाले दिनों में तापमान और ज्यादा बढ़ने से आम लोगों की परेशानी भी बढ़ेगी।मगर सवाल है कि हर साल गर्मी, सर्दी और आंधी-बारिश के क्रम में इतना ज्यादा उतार-चढ़ाव क्यों आ रहा है? मौसम चक्र में इस बदलाव की वजह क्या है? क्या इसके पीछे प्राकृतिक कारण हैं या फिर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली मानव गतिविधियां इसके लिए जिम्मेदार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बीते मंगलवार को पारा 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया, जो सामान्य से 4.7 डिग्री अधिक था। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से उत्तर-पश्चिमी हवाएं राजस्थान के थार रेगिस्तान और मध्य पाकिस्तान के कुछ हिस्सों से दिल्ली की ओर बह रही हैं। विशाल शुष्क क्षेत्रों से गुजरते हुए ये हवाएं दिल्ली पहुंचते-पहुंचते बेहद शुष्क हो जाती हैं, जिससे गर्मी सतह के करीब बनी रहती है।इस बीच दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग 7,776 मेगावाट से ज्यादा हो गई है, जो हाल के वर्षों की तुलना में मई में तेज वृद्धि को दर्शाती है। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए पंखे, कूलर और एसी यानी एयर कंडीशनर का इस्तेमाल करते हैं। मगर इस बात पर गौर नहीं किया जाता कि एसी से निकलने वाली हानिकारक गैसों से जहां पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है, वहीं इनकी वजह से स्थानीय तापमान में भी बढ़ोतरी होती है। यानी जिन उपकरणों से घर को ठंडा रखने की कोशिश की जाती है, वही तापमान बढ़ने का कारण भी बनते हैं। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, गर्मी, सर्दी, बारिश और बाढ़ की चरम स्थितियां जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापवृद्धि की वजह से पैदा हो रही हैं। इससे मौसम का प्राकृतिक चक्र प्रभावित हो रहा है। वनों की कटाई, शहरों में कंक्रीट के जंगलों का बढ़ता दायरा, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन और जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल से पर्यावरण में लगातार बदलाव हो रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप तापमान सामान्य से अधिक हो रहा है। ऐसे में जरूरी है कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली मानव गतिविधियों को सीमित करने और चरम मौसमी घटनाओं से निपटने के लिए ठोस उपाय किए जाएं। हाल में उत्तर प्रदेश में आंधी-बारिश और ओलावृष्टि की वजह से जैसे हालात पैदा हुए, उसने एक बार फिर यही दर्शाया कि मौसम की मार से बचाव के लिए एहतियात बरतने और सटीक पूर्वानुमान को लेकर अभी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। राज्य में इस दौरान चौबीस घंटों के भीतर सौ से अधिक लोगों की जान चली गई। बहरहाल, अभी गर्मी से कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है, क्योंकि मौसम विभाग का अनुमान है कि उत्तर और पश्चिमी भारत के कई हिस्सों में 24 मई तक लू की स्थिति बनी रहेगी। राजधानी दिल्ली इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है। तेज धूप और झुलसाने वाली गर्म हवाओं ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। मंगलवार को दिल्ली ने इस मौसम का सबसे गर्म दिन दर्ज किया, जब अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। दिनभर चलने वाली लू ने लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर दिया।

# 'मेरा विद्यालय मेरी जमीन' अभियान में तेजी 345 विद्यालयों की भूमि उनके नाम पंजीकृत

चम्पावत । जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार के निर्देशानुसार जनपद चम्पावत में "मेरा विद्यालयख्रमेरी जमीन" अभियान के अंतर्गत विद्यालयों की भूमि उनके नाम पंजीकृत किए जाने की कार्रवाई तेजी से संचालित की जा रही है। अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी शासकीय विद्यालयों की भूमि का विधिवत अभिलेखीकरण कर उन्हें कानूनी सुरक्षा प्रदान करना तथा भविष्य में विद्यालय परिसरों से संबंधित किसी भी प्रकार के विवाद, अतिक्रमण अथवा प्रशासनिक बाधा को समाप्त करना है।जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार द्वारा इस महत्वाकांक्षी अभियान की लगातार समीक्षा की जा रही है तथा राजस्व एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उनके निर्देशन में तहसील स्तर पर विशेष अभियान चलाकर विद्यालयों की भूमि संबंधी अभिलेखों का सत्यापन, दानामा, सीमांकन, नामांतरण तथा पंजीकरण की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जा रहा है।जनपद में कुल 648 विद्यालयों की भूमि का पंजीकरण किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें प्राथमिक, जूनियर एवं माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं।प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालयों की श्रेणी में कुल 553 विद्यालयों की भूमि पंजीकरण प्रक्रिया संचालित की जा रही है। इनमें से अब तक 259 विद्यालयों की भूमि का विधिवत पंजीकरण विद्यालयों



के नाम पूर्ण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 50 विद्यालयों के पंजीकरण हेतु तहसील स्तर पर आवश्यक राजस्व एवं अभिलेखीय कार्रवाई जारी है।वहीं 215 विद्यालयों के दानामा, अभिलेख सत्यापन एवं अन्य आवश्यक कागजी कार्रवाई की प्रक्रिया गतिमान है।जिलाधिकारी द्वारा संबंधित तहसीलदारों, उपजिलाधिकारियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। इसके साथ ही 30 विद्यालयों के भूमि पंजीकरण हेतु आवश्यक नोटिस तहसील स्तर से जारी किए जा चुके हैं और संबंधित पक्षों से आवश्यक अभिलेख प्राप्त किए जा रहे हैं।माध्यमिक विद्यालयों में भी भूमि पंजीकरण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। जनपद के कुल 105 माध्यमिक विद्यालयों में से 86 विद्यालयों की भूमि का पंजीकरण उनके नाम पूर्ण किया जा चुका है। 8 विद्यालयों के संबंध में तहसील स्तर पर पंजीकरण की कार्रवाई जारी है, जबकि 2 विद्यालयों के लिए आवश्यक नोटिस निर्गत किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त 9 विद्यालयों के भूमि अभिलेखों से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाएं प्रचलन में हैं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जा रहा है। जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार ने कहा कि विद्यालयों की भूमि का विधिवत पंजीकरण होने से भविष्य में विद्यालय परिसरों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी तथा शिक्षा से संबंधित आधारभूत सुविधाओं के विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान को मिशन मोड में संचालित करते हुए सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालयों की भूमि स्पष्ट रूप से विद्यालयों के नाम दर्ज होने से भवन निर्माण, खेल मैदान, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, प्रयोगशाला एवं अन्य विकास कार्यों के लिए शासन स्तर से मिलने वाली योजनाओं एवं वित्तीय सहायता को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने में सुविधा मिलेगी। साथ ही इससे भविष्य में किसी प्रकार के भूमि विवाद अथवा अतिक्रमण की संभावना भी न्यूनतम होगी।

# आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए भवन निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश

चम्पावत। जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत किराए के भवनों में संचालित हो रहे आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए स्थायी विभागीय भवन निर्माण कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से जनपद के समस्त तहसीलदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार ने निर्देशित किया है कि जिन आंगनवाड़ी केंद्रों के पास अभी तक विभागीय भूमि उपलब्ध नहीं है, उनके लिए प्राथमिकता के आधार पर उपयुक्त भूमि का चयन करते हुए विभाग को उपलब्ध कराया जाए, ताकि भवन निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा सके।जनपद में वर्तमान में किराए के भवनों में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों के सापेक्ष 160 केंद्रों पर भवन निर्माण की कार्यवाही गतिमान है। इन केंद्रों के लिए भूमि उपलब्ध होने के उपरांत निर्माण कार्य विभिन्न चरणों में संचालित किया जा रहा है। वहीं शेष 116 आंगनवाड़ी केंद्रों हेतु भूमि चिन्हांकन एवं उपलब्ध कराने की कार्यवाही को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा संबंधित तहसीलदारों को दिए गए हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे में इन केंद्रों का अपने विभागीय भवनों में संचालित होना आवश्यक है, जिससे बच्चों एवं महिलाओं को बेहतर वातावरण और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि चयन की प्रक्रिया में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि सभी आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए स्थायी भवन निर्माण का लक्ष्य समयबद्ध रूप से पूरा किया जा सके।1चम्पावत 20 मई 2026, सूवि।टनकपुर में जलभराव की समस्या पर जिलाधिकारी का कड़ा रुख, बोरागोठ में युद्धस्तर पर शुरू हुआ नाली सफाई का कार्यजनपद के टनकपुर नगर अंतर्गत वार्ड संख्या 09 स्थित बोरागोठ क्षेत्र में संपर्क मार्ग पर गंदे पानी के बहाव से स्थानीय निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क पर जलभराव होने के कारण राहगीरों और स्थानीय लोगों का आवागमन दूषित पानी के बीच से हो रहा था, जिससे क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश था और उन्होंने प्रशासन से इस गंभीर समस्या के तत्काल समाधान की मांग की थी।जनता की इस परेशानी को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार ने मामले का तुरंत संज्ञान लिया। जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के क्रम में नगर पालिका टनकपुर की टीम तत्काल हरकत में आई और प्रभावित वार्ड में जे.सी.बी. मशीनों के माध्यम से युद्धस्तर पर नाली की सफाई का कार्य शुरू करा दिया गया है। मार्ग पर जमा गंदे पानी को हटाने के लिए नालियों को गहरा और साफ किया जा रहा है ताकि पानी की सुचारू निकासी सुनिश्चित की जा सके।इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर पालिका टनकपुर के अधिशासी अधिकारी ऋषभ उनियाल ने बताया कि सड़क पर बह रहे गंदे जल को नाली के माध्यम से सुरक्षित रूप से निष्कासित किया जा रहा है।

# पूर्णागिरि धाम मार्ग वर्षभर रहेगा सुरक्षित, बाटनागाड़ में बन रहा कॉजवे

चंपावत (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मां पूर्णागिरि धाम यात्रा को वर्ष के 12 माह सुचारु रूप से संचालित किए जाने की परिकल्पना को साकार करने हेतु जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग निरंतर कार्य कर रहे हैं। यात्रा मार्ग स्थित ककराली गेट से मां पूर्णागिरि धाम तक श्रद्धालुओं के सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सुरक्षा एवं संरचनात्मक कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। मानसून अवधि में भारी वर्षा के कारण बाटनागाड़ नदी में अत्यधिक जलभराव होने से मार्ग अक्सर बाधित हो जाता था, जिससे श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या के स्थायी



समाधान के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशानुसार लोक निर्माण विभाग चम्पावत द्वारा बाटनागाड़ क्षेत्र में 35 मीटर लंबा कॉजवे निर्माण कार्य कराया जा रहा है। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एम.सी. पलाड़िया ने बताया कि बाटनागाड़ में निर्माणाधीन कॉजवे का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है तथा इसे इस माह के अंत तक पूर्ण कर लिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि निर्माणाधीन कॉजवे की गहराई 12 मीटर तथा शीर्ष चौड़ाई 4.5 मीटर रखी गई है। लगभग 47 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे इस कॉजवे के साथ साथ क्षेत्र में व्यापक स्तर पर रिवर चौनलाइजेशन का कार्य भी संपादित किया गया है, ताकि बरसात के दौरान नदी के जल प्रवाह को नियंत्रित एवं व्यवस्थित किया जा सके। इसके अंतर्गत बाटनागाड़ से लगभग 700 मीटर ऊपर 400 मीटर क्षेत्र में रिवर चौनलाइजेशन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वहीं बाटनागाड़ के निचले हिस्से में भी बड़े बड़े बोल्डरों एवं मलबे को हटाकर नदी के प्रवाह को सुव्यवस्थित करने का कार्य किया गया है। इस चौनलाइजेशन का उद्देश्य बरसात के दौरान जलभराव की समस्या को कम करना, मार्ग को सुरक्षित बनाए रखना तथा मां पूर्णागिरि धाम आने वाले श्रद्धालुओं को वर्षभर सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध आवागमन उपलब्ध कराना है।

# स्वाला क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों का किया निरीक्षण

चम्पावत। जनपद के स्वाला क्षेत्र में संचालित सड़क चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों का जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार ने स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, गति एवं तकनीकी मानकों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने मौके पर चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कहा कि सड़क परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र में आवागमन को अधिक सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक बनाना है, इसलिए कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के उच्च मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता एवं यात्रियों को दीर्घकालिक लाभ मिल सके।मानसून अवधि में स्वाला क्षेत्र



में मार्ग अवरुद्ध न हो तथा यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा कार्यों, जल निकासी व्यवस्था एवं भूस्खलन रोकथाम संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समय से पूर्ण किया जाए, ताकि बरसात के दौरान यातायात सुचारु एवं सुरक्षित बना रहे।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्थाओं, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता तथा पहाड़ी क्षेत्रों में संभावित भूस्खलन जैसी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक तकनीकी उपाय अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और यात्रियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्माण कार्यों में किसी स्तर पर लापरवाही अथवा गुणवत्ता में कमी पाई गई तो संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारी, कार्यदायी संस्था के इंजीनियर, प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# इलेक्ट्रिकल्स एसोसिएशन ट्रस्ट ने विधायक को किया सम्मानित

रुद्रपुर। इलेक्ट्रिकल्स एसोसिएशन ट्रस्ट द्वारा विधायक श्री शिव अरोड़ा जी का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने इलेक्ट्रिकल्स एसोसिएशन ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्यों को मार्गदर्शन देते हुए विश्वास दिलाया कि शहर एवं मार्केट के विकास हेतु सरकार से हर संभव प्रयास किए जाएंगे। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए हमेशा शहरवासियों एवं व्यापारियों के साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया।विधायक जी ने अपने कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों की जानकारी साझा की तथा आगामी योजनाओं एवं प्रस्तावित कार्यों का भी अवलोकन कराया। उन्होंने रुद्रपुर इलेक्ट्रिकल्स एसोसिएशन ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं व्यापारिक हितों के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में एसोसिएशन की ओर से विधायक शिव अरोड़ा को स्मृति स्वरूप डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया।



# डीएम मनीष कुमार महिला कृषकों संग खेत में उतरे ,गेहूं की फसल काटी

## महिला कृषकों को कृषि यंत्र एवं उन्नत मडुवा बीज वितरित

चम्पावत( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार ने गुरुवार को तहसील चंपावत अंतर्गत पटवारी क्षेत्र चम्पावत के ग्राम कनलगाँव पहुंचकर कृषक सुभाष ताडागी के खेत में गेहूं की फसल पर क्रॉप कटिंग प्रयोग संपन्न कराया। इस दौरान जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार, स्वयं खेत में पहुंचे और महिला कृषकों के साथ गेहूं की फसल काटते हुए खेत में कार्य कर रही महिला कृषकों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी भी प्राप्त करते हुए उन्होंने मुख्य कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि महिला कृषकों को कृषि कार्यों में सुविधा प्रदान करने हेतु पावर टीलर सहित अन्य आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जाएं, ताकि कृषि कार्यों को सरल एवं अधिक उत्पादक बनाया जा सके।कृषि एवं सांख्यिकी विभाग की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कृषक के खेत में 30 वर्ग मीटर के दो प्लॉट चयनित किए गए, जिन पर क्रॉप कटिंग प्रयोग किया गया। प्रथम प्लॉट से 13 किलोग्राम 900 ग्राम तथा दूसरे प्लॉट से 12 किलोग्राम 400 ग्राम गेहूं की उपज प्राप्त हुई। क्रॉप कटिंग के बाद प्रथम प्लॉट से 5 किलोग्राम गेहूं की बालियों के नमूनों को सुरक्षित रखते हुए वैज्ञानिक प्रक्रिया के तहत 15 दिनों तक सुखाने के उपरांत पुनः तौला जाएगा, जिससे वास्तविक एवं सटीक उपज का आंकलन किया जा सके।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में विभिन्न फसलों की औसत उपज, उत्पादन एवं उत्पादकता का निर्धारण क्रॉप कटिंग प्रयोगों के माध्यम से ही किया जाता है। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित कृषि उत्पाद आधारित विभिन्न योजनाओं के लिए विश्वसनीय डाटा बेस तैयार करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इन आंकड़ों के आधार पर सरकार द्वारा कृषि योजनाओं का निर्माण किया जाता है तथा किसानों को विभिन्न लाभ प्रदान किए जाते हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कृषक सुभाष ताडागी से खेत में उपयोग किए गए बीज, उर्वरक, सिंचाई व्यवस्था तथा कीटनाशकों के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्य कृषि अधिकारी धनपत कुमार, अपर सांख्यिकी अधिकारी जुगल किशोर पांडे, कृषि, राजस्व एवं सांख्यिकी विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।



# गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस को समर्पित धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

## बाबा भगवंत भजन सिंह द्वारा लोगों को रोगों से बचाव की जानकारियां देने के साथ दवाओं का किया गया वितरण

गदरपुर। सिख धर्म के पंचम पातशाह गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर ग्राम नवाब नगर,मिलक खानम स्वार रामपुर,उत्तर प्रदेश में श्रद्धा भावना से आयोजित किए गए धार्मिक समागम में संगत द्वारा सहभागिता की गई। बाबा भगवंत भजन सिंह के दिशा निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पाठ के भोग के उपरांत भारी दीवान सजाए गए। डेरा बाबा नानक पंजाब के रागी भाई वीर सिंह द्वारा कीर्तन एवं कविता के माध्यम से गुरु अर्जन देव जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। कथावाचक भाई हरप्रीत सिंह ने अर्जुन देव जी के शहीदी के कारण एवं उस समय के राजनीतिक हालातो का जिक्र करते हुए बताया कि गुरु जी द्वारा अडोल रहकर जुल्म का सामना किया और जुल्म करने वाले जहांगीर के जुल्मों से जनता को राहत दिलाई। उन्होंने बाबा बुड्ढा जी के इतिहास की झांकियां का भी वर्णन करते हुए उनकी समर्पण भावना को संगत के समक्ष रखा। रागी भाई कुलवंत सिंह द्वारा मनोहर कीर्तन करके संगत को आनंदित किया। कथा वाचक देवेंद्र सिंघ द्वारा गुरु अर्जन देव जी की वाणी और उनके जीवन की घटनाओं का वर्णन करने के साथ पर्यावरण संबंधी विचार रखें तथा प्राकृतिक नियमों के अनुसार अपना स्वस्थ जीवन जीने की कला तथा कुदरत के नियमों का पालन करते हुए प्राकृतिक संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। समागम में रमदास श्री अमृतसर पंजाब के बाबा भगवंत भजन सिंह ने संगत को गुरु के उपदेशों पर चलने का आह्वान करते हुए गुरु के आदर्शों को ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि धन-धन बाबा बुड्ढा जी द्वारा 113 साल वर्ष तक गुरु साहिबान की सेवा में रहकर गुरु पुत्रों एवं संगत को गुरुमुखी अक्षर ज्ञान, गुरबाणी, गतका आदि की शिक्षा प्रदान की गई थी। इस दौरान रिटायर्ड करनल हरवीर सिंह द्वारा सभी संगत का धन्यवाद करते हुए अपने विचार रखें उन्होंने कहा कि उनके द्वारा फौज में रहते हुए देश सेवा का जो कार्य किया वह अमूल्य है उन्होंने बताया कि उनके जीवन में कई ऐसी घटनाएं हुई कि गुरु की कृपा से मुसीबत का सामना करते हुए उन्होंने अपने को सुरक्षित रखा। इस मौके पर दिवंगत सरदार नसीब सिंह एवं माता नसीब कौर के परिवार के परिजन सरदार परमजीत सिंह, भगवत सिंह और हरवीर सिंह द्वारा सभी संगत का हार्दिक धन्यवाद किया गया।



# दो कारों में भिड़ंत, महिला सहित दो घायल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। हल्द्वानी रोड पर सिडकुल क्षेत्र में दो कारों के मध्य हुई भिड़ंत में एक कार में सवार महिला सहित दो लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार हल्द्वानी जाने के दौरान पारले चौक पर रास्ता पूछना महिला व उसके साथ व्यक्ति को भारी पड़ गया। बताया जा रहा है कि बिर्मल सिंह जीना और तनुजा कार यूके 04 एजे 9208 से हल्द्वानी की ओर जा रहे थे। रास्ता भटकने पर उन्होंने पारले चौक पर मौजूद लोगों से रास्ता पूछा और फिर यू-टर्न लेकर हल्द्वानी की ओर बढ़ने लगे। इसी दौरान रुद्रपुर की ओर से आ रही कार ने तेज रफ्तार में आकर उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार कई बार घूमती हुई जाकर रुकी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में एक महिला और एक पुरुष सवार थे। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद के लिए दौड़ लगाई। इस घटना में महिला व उसके साथी को मामूली चोटें आई हैं। सिडकुल चौक पर तैनात पुलिसकर्मी भी वहां आ गए।



# केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल

गदरपुर। आम आदमी पार्टी एवं बंगाली मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने पत्रकार वार्ता कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण आम जनता को गैस, पेट्रोल, डीजल और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतों का बोझ उठाना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं और जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।सुभाष व्यापारी ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं बेहतर तरीके से जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का उल्लेख करते हुए उत्तराखंड में भी ऐसी व्यवस्था लागू करने की बात कही।उन्होंने प्रदेश की स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा कि सरकारी सेवाओं को मजबूत किए जाने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने स्मार्ट मीटर योजना का विरोध किया।एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि गदरपुर-दिनेशपुर- मटकोटा मार्ग का निर्माण कार्य अभी तक अधूरा है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की।



# लटकते बिजली तारों और जर्जर पोल की तुरंत दें सूचना

## जिलाधिकारी के निर्देश पर चम्पावत जिला प्रशासन ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

चम्पावत (उद संवाददाता)। मानसून सीजन और बदलते मौसम को देखते हुए जनपद में संभावित विद्युत दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, चम्पावत द्वारा जनहित में महत्वपूर्ण अपील जारी की गई है। जिलाधिकारी ने नागरिकों से क्षतिग्रस्त विद्युत पोल, झुके हुए खंभों, पेड़ों में उलझे अथवा खुले व लटकते बिजली तारों की सूचना तत्काल देने का आग्रह किया है। जारी अपील में कहा गया है कि जर्जर विद्युत संरचनाएं कभी भी गंभीर हादसे का कारण बन सकती हैं। विशेष रूप से मानसून के दौरान तेज बारिश और हवाओं के चलते करंट फैलने, शॉर्ट सर्किट, आग लगने, जनहानि तथा पशुहानि जैसी घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में समय रहते सूचना मिलना अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए नागरिकों से अपील की है कि अपने आसपास कहीं भी विद्युत संबंधी असुरक्षित स्थिति दिखाई देने पर तत्काल जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र, चम्पावत को सूचित करें, ताकि संबंधित विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई कर आवश्यक सुधार एवं सुरक्षा कार्य किए जा सकें। विद्युत संबंधी किसी भी आपातकालीन स्थिति की तत्काल सूचना देने के लिए प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन नंबर 7895318895, 7579060090, 9528135726 तथा टोल फ्री नंबर 1077 (05965-230819) जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन ने कहा है कि नागरिकों की सजगता और समय पर दी गई सूचना किसी बड़ी दुर्घटना को टाल सकती है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बिजली के खुले तारों या क्षतिग्रस्त पोल के पास न जाएं और ऐसी स्थिति दिखाई देने पर तुरंत सूचना देकर जनहित में सहयोग करें।




## पेज एक का शेष...

**उत्तराखण्ड में आसमान से..........**संभावना नहीं है। विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर के समय धूप में बाहर निकलने से बचने, अधिक पानी पीने और बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। उत्तराखंड में मौसम के बदले इस खतरनाक मिजाज ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है और लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

**कई स्कूल उड़ा रहे आदेश.........** 20 मई 2026 से आगामी एक सप्ताह तक जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, प्री-नर्सरी से कक्षा 12 तक संचालित सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों को केवल प्रातः 7 बजे से 11:30 बजे तक संचालित करने के निर्देश दिए थे। आदेश में स्पष्ट चेतावनी भी दी गई थी कि निर्देशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके बावजूद जिले के कई विद्यालय निर्धारित समय के बाद भी संचालित होते देखे गए। छुट्टी होने के बाद विद्यार्थी तेज धूप में पैदल अपने घर जाते दिखाई दिये। जिनमें कई बच्चे भी शामिल थे। अभिभावकों का कहना है कि दोपहर की तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच बच्चों को स्कूल में रोके रखना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। छोटे बच्चों को चक्कर आना, उल्टी, सिरदर्द और थकावट जैसी समस्याएं होने लगी हैं, लेकिन कुछ स्कूल प्रबंधन प्रशासनिक आदेशों को गंभीरता से नहीं ले रहे। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन से ऐसे स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है जो आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आदेश जारी किया है तो उसका पालन सुनिश्चित कराना भी जरूरी है। अब देखने वाली बात यह होगी कि जिला प्रशासन आदेशों की अनदेखी करने वाले विद्यालयों पर क्या कार्रवाई करता है या फिर सरकारी निर्देश केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएंगे।

**जंगल की आग से महिला.......**प्रभावित क्षेत्र में आग बुझाने के लिए जाने के निर्देश दिए। आग बुझाने पहुंची 15 कर्मियों की टीम में राजेंद्र सिंह भी शामिल था। अपराह्न सात बजे जब आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया तो सभी फायर वाचर बदरीनाथ हाईवे पर पहुंच गए, लेकिन राजेंद्र सिंह नहीं पहुंचा। फायर वाचरों ने अधिकारियों को उसके मिसिंग होने की सूचना दी। जिस पर उन्होंने इसकी सूचना एसपी सुरजीत सिंह पंवार को दी। एसपी के निर्देश पर एसडीआरएफ की टीम के साथ ही वन कर्मी ढूंढ खोज में जुट गए। रात करीब साढ़े दस बजे जंगल में राजेंद्र का मोबाइल फोन बरामद हुआ, पर वह नहीं मिला। अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू रोक दिया गया। बृहस्पतिवार को सुबह फिर रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया तो राजेंद्र सिंह करीब 70 मीटर नीचे खाई में गिरा मिला। तब तक वह दम तोड़ चुका था। बॉडी आग से झुलसी हुई है। डीएफओ का कहना है कि आग बुझाते वक्त वह चट्टान से गिर गया होगा। मौके पर मृतक के परिजन और जनप्रतिनिधि पहुंच गए हैं। लोग प्रभावित परिवार को 50 लाख का मुआवजा और एक व्यक्ति को नौकरी देने की मांग उठा रहे हैं।

**राजीव गांधी को पुण्यतिथि............** भारत को आधुनिक तकनीक और विकास की नई सोच से जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज देश में सूचना एवं तकनीकी क्षेत्र में जो प्रगति दिखाई दे रही है, उसकी मजबूत नींव राजीव गांधी ने ही रखी थी। राजीव गांधी हमेशा युवाओं, किसानों और गरीब वर्ग के हितों के लिए समर्पित रहे, जिन्हें देश कभी भुला नहीं सकता। श्रद्धांजलि सभा में गोपाल भसीन, सतीश कुमार, बाबू विश्वकर्मा, उमा सरकार, प्रकाश शर्मा, अशोक मंडल, कमल चुघ, शुभम, अमन, छत्रपाल वाल्मीकि, जमुना कोली, रघुपति विश्वास, राधेश्याम बंसल, अजीत मजूमदार, खगोपति विश्वास, विमल घरामी, सुरजीत मजूमदार, अनादि राय , उमर खान, अजीत पाल, नील रतन, भूपेश सोनी, नरेश सागर, तपन दास, गौतम ग्रामीण, जयदेव, प्रीति शर्मा, मोनिका डाली, सत्यवीर सिंह, आनंद शर्मा, शिवकुमार, जमील अहमद, अमित अरोड़ा, नवीन खेतवाल, रमेश तरफदार, बाबू खान, पार्षद शुभम दास, जाकी राजा, फैज राज खान, अदनान राजा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

**घर में घुसकर परिजनों पर ........**जिला अस्पताल ले जाने पर वहां से सुशीला तिवारी रेफर कर दिया गया। अब पिता राम चन्द्र शर्मा को बरेली राममूर्ति अस्तपाल रेफर कर दिया गया। भाई जितेन्द्र की दो उगली टूट गई है एवम शरीर में गुम चोटे आई है। जितेन्द्र की पत्नी का हाथ जख्मी हो गया हैं तथा शरीर मे गुमचोटे आई है। माता के पैर में दराती से हमला किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# उत्तराखंड में भी 'बंगाल मॉडल' अपनाने की तैयारी में भाजपा

## चुनावी घोषणाओं एवं बड़ी जनसभाओं निर्भर रहने के बजाय छोटे स्तर के प्रभावी कार्यक्रमों पर ज्यादा फोकस करेगा सत्ताधारी दल, डिजिटल एवं एआई आधारित माइक्रो-मैनेजमेंट मॉडल पर भी होगा काम

-अर्श-


देहरादून। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हैरतअंगेज जीत हासिल करने के बाद भाजपा बंगाल का जीत मॉडल उत्तराखंड में भी अपने की तैयारी में है प्रस्तावित आगामी विधानसभा चुनाव के मध्य नजर भाजपा का सबसे ज्यादा फोकस आजकल उन विधानसभा सीटों पर है, जहां पिछली बार उसे हार का सामना करना पड़ा था या जहां जीत का अंतर बहुत कम रहा था। भाजपा के संगठन सूत्रों के अनुसार ऐसे क्षेत्रों में संगठन को फिर से सक्रिय किया जा रहा है। चिन्हित विधानसभा का बूथ स्तर तक डेटा तैयार कर लिया गया है तथा स्थानीय समीकरणों का भी अध्ययन किया जा रहा है। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में कुछ सीटों पर छोटे अंतर से जीत-हार तय हो सकती है, इसलिए हर बूथ की स्थिति मजबूत करना जरूरी है। जिलों से फीडबैक लिया जा चुका है। क्षेत्रीय नेताओं से रिपोर्ट मंगाई गई है।भाजपा संगठन सूत्रों के अनुसार पार्टी संगठन उत्तराखंड में अब 'बंगाल मॉडल' पर काम कर रहा है। इस मॉडल के तहत हर बूथ को स्वतंत्र इकाई मानकर वहां संगठन की पूरी टीम बनाई जा रही है। प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार के अनुसार प्रत्येक बूथ पर 11 सदस्यों की टीम गठित की जा रही है। इन टीमों में स्थानीय कार्यकर्ता, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और लाभार्थी संपर्क के जिम्मेदार शामिल किए जा रहे हैं। साथ ही पन्ना प्रमुखों



को फिर से सक्रिय किया जा रहा है। जिससे मतदाता सूची के हर परिवार तक पार्टी की सीधी पहुंच बनाई जा सके। भाजपा का हमेशा से मानना रहा है कि बूथ प्रबंधन मजबूत होने से चुनावी परिणाम पर सीधा असर पड़ता है। इस बार पार्टी का जोर बड़े आयोजनों से अधिक छोटे कार्यक्रमों पर रहेगा। भाजपा संगठन गांव, वार्ड और बूथ स्तर पर नियमित बैठकें करेगा। हर महीने होने वाली इन बैठकों में स्थानीय समस्याएं, सरकार की योजनाओं का प्रभाव और विपक्ष की गतिविधियों पर रिपोर्ट ली जाएगी। लाभार्थी संपर्क अभियान को भी चुनावी रणनीति का हिस्सा बनाया गया है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लोगों के साथ छोटे संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें उज्ज्वला, पीएम आवास, आयुष्मान, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के लाभार्थियों तक पहुंच बनाकर राजनीतिक समर्थन मजबूत करने की कोशिश होगी। इसके अलावा भाजपा उत्तराखंड में इस बार तकनीक आधारित चुनाव प्रबंधन पर भी काम कर रही है। पार्टी डिजिटल डेटा, सोशल मीडिया और एआई आधारित माइक्रो-मैनेजमेंट मॉडल तैयार कर रही है। इसका मकसद विधानसभा वार मतदाताओं के व्यवहार, स्थानीय मुद्दों और राजनीतिक रुझानों का विश्लेषण करना है। संगठन सोशल मीडिया के जरिए युवाओं और शहरी मतदाताओं तक अधिक पहुंच बनाने की रणनीति पर काम कर रहा है। अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग डिजिटल कंटेंट तैयार किया जा रहा है। स्थानीय मुद्दों के आधार पर संदेश तैयार कर मतदाताओं तक पहुंचाने की योजना है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, उत्तराखंड जैसे छोटे राज्य में माइक्रो-मैनेजमेंट मॉडल बेहद प्रभावी साबित हो सकता है। यहां कई सीटों पर जीत का अंतर बहुत कम होता है। भाजपा इसी तथ्य को ध्यान में रखकर अपनी रणनीति को मजबूत कर रही है।

# किच्छा व टनकपुर के रेलवे यार्ड में मिले दो युवकों के शव

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा और टनकपुर रेलवे ट्रैक और यार्ड क्षेत्रों में अलग-अलग दो युवकों के शव पाए जाने से लोगों को झकझोर कर रख दिया है। जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार के अनुसार, पहली घटना किच्छा रेलवे स्टेशन यार्ड क्षेत्र की है, जहां एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। जीआरपी थाना काठगोदाम के निरीक्षक कमल कोरंगा ने बताया कि 21 मई की रात करीब 1:02 बजे स्टेशन मास्टर कार्यालय के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि रेलवे स्टेशन किच्छा यार्ड में पावर इंजन संख्या 38830 से एक व्यक्ति रनओवर हो गया है। सूचना मिलते ही चौकी जीआरपी लालकुआं से अपर उपनिरीक्षक रणधीर राणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। रेलवे स्टेशन किच्छा के दक्षिणी छोर स्थित रेलवे फाटक के पास घटनास्थल पर रेलवे कर्मचारियों के साथ मृतक के परिजन मौजूद मिले। मृतक की पहचान राजकुमार पुत्र स्वर्गीय सुखपाल सिंह निवासी कृष्ण विहार कॉलोनी, किच्छा के रूप में हुई, जिसकी उम्र करीब 20 वर्ष बताई गई है।पुलिस ने शव को 108 एंबुलेंस के माध्यम से पोस्टमार्टम के लिए रुद्रपुर मोर्चरी भिजवाकर जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरी घटना रेलवे स्टेशन टनकपुर के यार्ड क्षेत्र से सामने आई, जहां 20 मई को एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा मिला। मौके पर पहुंची जीआरपी टीम को उसके पास से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान अर्जुन लाल पुत्र श्याम लाल निवासी बेनीपुर खरगौन, सीतापुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष बताई गई है। व्यक्ति को तत्काल उपचार के लिए 108 एंबुलेंस से संयुक्त चिकित्सालय टनकपुर भेजा गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।जीआरपी ने मृतक के परिजनों को दूरभाष के माध्यम से सूचना दे दी है और पंचायतनामा सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस दोनों मामलों के कारणों की जांच में जुटी है।







# अधिकारी भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे : गाबा

## धरना प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। उप तहसील परिसर में ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशियों के नामांकन पत्र अतिक्रमण के आधार पर निरस्त किए जाने के विरोध में चल रहे धरना-प्रदर्शन को सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा का समर्थन मिला। उन्होंने धरनास्थल पहुंचकर प्रदर्शनकारियों की मांगों को जायज बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने प्रशासनिक अधिकारियों पर भाजपा के एजेंट की तरह कार्य करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है, जो लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास लगातार किया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।गाबा ने कहा कि



कांग्रेस नेता राहुल गाँधी देशभर में लोकतंत्र और विपक्ष की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। धरने के दौरान विधायक गोपाल सिंह राणा,कांग्रेस नेता अशोक राणा, हरिओम राणा, बजिंदर सिंह मोमी, सुखविंदर सिंह मोमी, सुखेंद्र सिंह करनावल, सतनाम सिंह करनावल सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# धरना सिर्फ नौटंकी, अतिक्रमण की रिपोर्ट सही : राज सिंह

नानकमत्ता। सितारगंज ब्लॉक के सरोजा गांव में ग्राम प्रधान चुनाव को लेकर चल रहे विवाद ने अब सियासी और सामाजिक रंग पकड़ लिया है। ग्राम प्रधान राज सिंह ने विपक्षी प्रत्याशियों के आरोपों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उप तहसील में चल रहा धरना सिर्फ "राजनीतिक नौटंकी" है और प्रशासन पर दबाव बनाकर रिपोर्ट बदलवाने की साजिश की जा रही है।राज सिंह ने कहा कि विपक्षी प्रत्याशी सुखविंदर सिंह मोमी समेत दो लोगों के नामांकन अतिक्रमण के आधार पर जांच के बाद निरस्त किए गए हैं। प्रशासन की रिपोर्ट पूरी तरह सही है और पिछले कई वर्षों से विवादित जमीन पर कब्जा चला आ रहा है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन अधिकारियों ने शिकायत मिलने के बाद जांच की और उसी आधार पर कार्रवाई की गई।ग्राम प्रधान ने कहा कि मामला माननीय न्यायालय में विचाराधीन है, ऐसे में उप तहसील में धरना देना कोर्ट और प्रशासन दोनों पर दबाव बनाने की कोशिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग माहौल खराब कर सहानुभूति बटोरने का प्रयास कर रहे हैं। राज सिंह ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि धरने पर बैठे लोग गांव के वास्तविक ग्रामीण नहीं हैं। उन्होंने इसे समाज विशेष की राजनीति बताते हुए कहा कि ग्राम पंचायत सरोजा में राय सिख समाज की बड़ी आबादी है और कुछ लोग हमारे समाज को आगे बढ़ता नहीं देख पा रहे हैं। प्रधान के इस बयान के बाद गांव की राजनीति और गर्मा गई है। क्षेत्र में चुनावी माहौल के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है।

# महिला से चेन स्नैचिंग करने वाले शातिर को हिस्ट्रीशीटर तमंचा और बाईक के साथ दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भोटिया पड़ाव चौकी पुलिस व एसओजी ने संयुक्त चेंकिंग अभियान में महिला से चेन स्नैचिंग करने वाले शातिर हिस्ट्रीशीटर को छीनी गई चेन, हाईस्पीड अपाचे बाइक और अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 8 मई को चौकी क्षेत्र भोटिया पड़ाव में एक महिला से बाइक सवार अज्ञात बदमाश द्वारा सोने की चेन छीनकर फरार होने की घटना सामने आई थी। घटना के सम्बन्ध में श्रीमती नीता शाह निवासी तुलसी नगर पॉलीशीट काठगोदाम, द्वारा 18 मई को कोतवाली में तहरीर दी गई, जिसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। घटना के शीघ्र अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह मेहता के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा लगातार प्रयासों के बाद अभियुक्त की पहचान आकाश कुमार गौतम पुत्र विशम्बर दयाल निवासी खना गोटिया, सीबी गंज, बरेली के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से छीनी गई सोने की चेन, घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर प्लेट की मोटर साइकिल व अवैध 315 बोर तमंचा व एक जिन्दा कारतूसबरामद किया गया।



पुलिस ने बताया कि आकाश पर पूर्व में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और उसकी अपराधी गतिविधियों के चलते 02 बार गुजरात पुलिस एवं रुद्रपुर पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में इसके पैर में गोली भी लग चुकी है।गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह मेहता, वरिष्ठ उप निरीक्षक भूपेन्द्र मेहता, उप निरीक्षक आरती, कांस्टेबल दिनेश नगरकोटी, धीरेन्द्र सिंह अधिकारी, हेकानि इसरार नवी, हे0कानि0 त्रिलोक सिंह, का. कुन्दन कठायत, अशोक रावत, भानू ओली, अनिल गिरी, अरविन्द शामिल थे।